माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक :2166/ /B.Ed/MSU/2023–24 दिनांक : 29-2-24

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या

समस्त सम्बद्ध बी0एड0 महाविद्यालय

विषयः संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2023 के माध्यम से प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों में प्रवेशित छात्र–छात्राओं की संख्या के आधार पर फीस के भुगतान किये जाने हेतु आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक कुलसचिव, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी/राज्य नोडल अधिकारी, संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2023 के पत्र संख्या–बु0वि0/उ0प्र0बी0एड0/2023/879, दिनांक : 17.02.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उ0प्र0 बी0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2023 की शुल्क वापसी हेतु निर्धारित गूगल फॉर्म पर सम्बन्धित शिक्षण संस्थानों से सूचना उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गई है। जिससे कि उ0प्र0 बी0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2023 का शुल्क महाविद्यालयों को प्रवेशित छात्र–छात्राओं की संख्या के आधार पर उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये खाते में भुगतान किया जा सके।

अतः बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी के पत्र दिनांक : 17.02.2024 की छायाप्रति संलग्न करते हुए निर्देशित किया जाता है कि निर्धारित गूगल फॉर्म पर सूचना पूरित कर प्रेषित करना सुनिश्चित करें, जिससे कि संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2023 की शुल्क आपके महाविद्यालय/संस्थान को वापसी किया जा सके।

भवदीय,

29.2.24

कुलसचिव

संलग्न : यथोपरि।

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. कुलसचिव, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी/राज्य नोडल अधिकारी, संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2023
02. उपकुलसचिव।
03. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।

कुलसचिव

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी

सन्दर्भ-बु.वि./उ.प्र.बी.एड./2023/879 दिनांक-17/02/2024

सेवा में,

कुलसचिव/नोडल अधिकारी,
सयुंक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2023,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

विषय:- सयुंक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2023 के माध्यम से प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों में प्रवेशित छात्र-छात्राओं की संख्या के आधार पर फीस के भुगतान किये जाने हेतु आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक आप अवगत हैं कि शासनादेश संख्या-01/सत्तर-7-2022- बी.एड.(09)/2014टी.सी., दिनांक- 03/01/2023 के अनुसार आपके सहयोग से बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी द्वारा सयुंक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2023 का शुचितापूर्ण एवं सफल आयोजन कराने के पश्चात काउन्सलिंग की प्रक्रिया को भी सफलतापूर्ण ढंग से सम्पादित कराया है। उक्त के क्रम में काउन्सलिंग के माध्यम से आपके विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में प्रवेशित छात्र-छात्राओं की संख्या के आधार पर महाविद्यालयों के पक्ष में फीस का भुगतान किया जाना है, जिस हेतु महाविद्यालयों के खातों के सत्यापन एवं प्रवेशित छात्र-छात्राओं से सम्बंधित बिन्दुओ पर आवश्यक सूचना वांछित है। उक्त हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप पर गूगल फॉर्म की लिंक तैयार की गयी है, जिसके माध्यम से समस्त महाविद्यालयों द्वारा ऑनलाइन प्रविष्टि करते हुए सूचना उपलब्ध कराई जानी है। गूगल फॉर्म की लिंक निम्नवत है –

http://surl.li/qpaxa

अथवा

https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSdJe9z4wOGWTUtUbWcO6fuS6b1p089Ta7TKk0avoD98nnWPpA/viewform

अतएव आदेशानुसार अनुरोध है कि आपके विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों को दिनांक-03/03/2024 तक उपरोक्त दी गयी लिंक के माध्यम से वांछित सूचनायें उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें, जिससे कि समस्त महाविद्यालयों को प्रवेशित छात्र-छात्राओं की संख्या के आधार पर उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये खाते में भुगतान किया जा सके।

भवदीय

(विनय कुमार सिंह)
कुलसचिव/राज्य नोडल अधिकारी,
सयुंक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2023

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. निजी सचिव, कुलपति, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

कुलसचिव/राज्य नोडल अधिकारी

Scanned with OKEN Scanner